समाचार

वैक्सीनेशन का महाअभियान

युवा, महिला, वृद्ध सभी में वैक्सीन लगवाने दिख रहा उत्साह

(नगर निगम कोरबा क्षेत्र में 30 स्थाई केन्द्रों व 08 एम.एम.यू. के माध्यम से वैक्सीनेशन जारी, आज लगभग 03 हजार लोगों को लगी वैक्सीन)



मो.यासीर शेख

श्रीमती लक्ष्मी देवांगन

कु.पूजा कुम्हार

कोरबा 22 जून 2021 – युवा, महिला, वृद्ध सभी वर्ग के लोगों में वैक्सीन लगवाने के प्रति अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है, विशेषकर युवा वर्ग के लोगों ने स्वप्रेरणा से वैक्सीनेशन सेंटरों में पहुंचकर वैक्सीन लगवाई, सेल्फी ली तथा अन्य लोगों से भी वैक्सीन लगवाने की अपील की। वहीं नगर निगम कोरबा क्षेत्र के 08 जोन में स्थित वैक्सीनेशन केन्द्रों में आज लगभग 03 हजार लोगों को वैक्सीन लगाई गई।

कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी 08 जोन के अंतर्गत स्थित 30 स्थाई टीकाकरण केन्द्रों तथा 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को कोविड वैक्सीन लगाए जाने का कार्य एक महाअभियान के रूप में किया जा रहा है, स्वास्थ्य विभाग तथा नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए वैक्सीनेशन का कार्य सम्पन्न करा रहे हैं। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन आदि अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। नगर निगम कोरबा क्षेत्र में आज विभिन्न टीकाकरण केन्द्रों व मोबाईल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से लगभग 03 हजार व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण के प्रति लोगों में उत्साह देखा जा रहा है, वहीं 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं में भी वैक्सीन के प्रति अच्छा खासा उत्साह देखा गया, युवाओं ने स्वप्रेरणा से वैक्सीनेशन सेंटरों में पहुंचकर वैक्सीन लगवाई तथा सभी को अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवाने की अपील भी की।

मैंने लगवाई वैक्सीन, आप भी लगवाएं–वार्ड क्र. 06 इतवारी बाजार कोरबा निवासी 20 वर्षीय मोहम्मद यासीर शेख भी वैक्सीन लगवाने टीकाकरण केन्द्र पहुंचे थे, उन्होने वैक्सीन लगवाने के बाद कहा कि मैंने आज वैक्सीन लगवा ली है तथा सुरक्षित महसूस कर रहा हूॅं। उन्होने अन्य लोगों से भी वैक्सीन लगवाने का आग्रह करते हुए कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए वैक्सीन ही अंतिम उपाय है, मैंने तो वैक्सीन लगवा ली, आप लोग भी वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

मैं सुरक्षित महसूस कर रही हूॅं–वार्ड क्र. 21 बुधवारी बजरंग चौक निवासी 30 वर्षीय श्रीमती लक्ष्मी देवांगन भी वैक्सीन लगवाने हेतु टीकाकरण केन्द्र पहुंची थी, उन्होने वैक्सीन लगवाने के बाद प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि मैंने आज वैक्सीन की पहली डोज लगवाई है, मुझे बड़ा अच्छा लग रहा है तथा मैं अब सुरक्षित महसूस कर रही हूॅं।

वैक्सीन लगवा कर खुश हूँ मैं– बुधवारी बाजार निवासी 19 वर्षीय कुमारी पूजा कुम्हार भी वैक्सीन लगवाने टीकाकरण केन्द्र पहुंची, वैक्सीन लगवाने के बाद खुशी जाहिर करते हुए उन्होने कहा कि मैंने वैक्सीन लगवा लिया है और अब मैं सुरक्षित हूँ, वैक्सीन लगवाना जरूरी है, सभी लोगों को चाहिए कि वे वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

इन केन्द्रों पर लग रही वैक्सीन–नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत कोरबा जोन में रानी धनराजकुंवर अस्पताल कोरबा, भिलाईखुर्द स्कूल, देवांगनपारा, रेलवे हास्पिटल, रविशंकर शुक्ल जोन में एस.ई.सी.एल. हास्पिटल मुड़ापार, जोन आफिस रविशंकर नगर, कोसाबाड़ी जोन में कम्यूनिटी हाल पोड़ीबहार, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी विद्युत तापगृह अस्पताल, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र रामपुर, जिला लाईब्रेरी डिंगापुर, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र दादरखुर्द, टी.पी.नगर जोन में स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र कोहड़िया, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र पन्द्रह ब्लाक, जोन आफिस टी.पी.नगर इंदिरा स्टेडियम, बालको जोन में एस.एच.सी. नेहरूनगर बालको, शिवनगर रूमगरा, पाड़ीमार स्कूल भदरापारा, मंगल भवन सेक्टर–2, दैहानपारा स्कूल, दर्री जोन में स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र सुमेधा, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र बलगीनगर, सी.एस.ई.बी.वेस्ट हास्पिटल, एन.टी.पी.सी. हास्पिटल, सिंचाई कालोनी डिस्पेंसरी, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र लाटा, सर्वमंगला जोन में एस.ई.सी.एल. डिस्पेंसरी विकास नगर, एस.ई.सी.एल. डिस्पेंसरी आदर्शनगर, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र सर्वमंगला नगर, बांकीमोंगरा जोन में एस.ई.सी.एल. बांकी हास्पिटल, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र घुड़देवा आदि 30 स्थाई टीकाकरण केन्द्रों में वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है।

08 स्थानों पर मोबाईल मेडिकल यूनिट– वार्ड क्र. 05 सिंधी गुरूद्वारा के पास, वार्ड क्र. 15 ढोढ़ीपारा भैंस खटाल, वार्ड क्र. 20 एवं 21 बुधवारी कांशीनगर, वार्ड क्र. 23 रविशंकर शुक्लनगर कपिलेश्वर मंदिर दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 41 परसाभांठा बाजार के बगल में शिव मंदिर के पास, वार्ड क्र. 45 डांडपारा पण्डाल के पास व वार्ड क्र. 51 धनुवारपारा केंदईखार, वार्ड क्र. 56 उप स्वास्थ्य केन्द्र पंखादफाई तथा वार्ड क्र. 63 मोंगरा बस्ती में मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रातः 10 बजे से वैक्सीनेशन का कार्य प्रारंभ होगा।